1.10.13

HT CHANDIGARH

Award for PGI ortho surgeon

HT Correspondent
chandigarh@hindustantimes.com

CHANDIGARH: Dr Ramesh Kumar Sen, orthopaedic surgeon, at the Post-Graduate Institute of Medical Education and Research (PGIMER), Chandigarh, was awarded prestigious Dr Mahurkar Oration award at Bhilai during the annual meeting of Central Zone of Indian Orthopaedics' Association.

He received the oration for his skills in performing total hip replacement in difficult hip problems on which he gave a presentation to the participating orthopaedic surgeons from central India.

आज समाज

डॉ. सेन को मिला महूरकर ओरेशन अवार्ड

चंडीगढ़। पीजीआई के ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ. रमेश कुमार सेन को महूरकर ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ.सेन को यह पुरस्कार भिलाई में सेंट्रल जोन ऑफ इंडियन ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशन की एनुअल मीटिंग के दौरान दिया गया। टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी में डॉ.सेन का जाना-माना नाम है और उन्होंने इसमें कई जटिल सर्जरियां की हैं। उनकी कुशलता को देखते हुए ही उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस मीटिंग में यूपी, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड जैसे मध्यवर्ती राज्यों के ऑर्थोपेडिक्स सर्जन्स ने भाग लिया था। डॉ.सेन को पहले भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें सार्क कंट्रीज ऑर्थोपेडिक्स सर्जन ओरेशन अवार्ड, फर्स्ट गोल्ड मेडल ओरेशन अवार्ड ऑफ इंडियन ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशन और कई अन्य स्टेट चैप्टर ओरेशन अवार्ड मिल चुके हैं। डॉ.सेन भारतीय उपमहाद्वीप के कई देशों में 300 से ज्यादा गेस्ट लेक्चर दे चुके हैं और 40 ये ज्यादा देशों में हुई सर्जिकल वर्कशॉप्स में भी वह भाग ले चुके हैं।

चण्डीगढ़ जागरण

प्रो. रमेश सेन को डा. महुरकार ओरेशन अवार्ड

डा रमेश सेन

चंडीगढ़ : पीजीआइ के आर्थोपेडिक सर्जन प्रो. रमेश कुमार सेन को भिलाई में सेंट्रल जोन आफ इंडियन आर्थोपेडिक एसोसिएशन की सालाना मीटिंग में डा. महुरकार ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड टोटल हिप रिप्लेसमेंट के लिए दिया गया। इस मीटिंग में यूपी, झारखंड, बिहार, छतीसगढ़, एमपी और राजस्थान से आर्थोपेडिक सर्जन पहुंचे थे। सर्जरी के क्षेत्र में कई इनोवेशन करने के लिए उन्हें पहले भी अवार्ड मिल चुके हैं। सार्क देशों में भी वह सम्मानित हो चुके हैं। डा. सेन ने आर्थोपेडिक व ट्रॉमा एजूकेशन के क्षेत्र में 300 गेस्ट लेक्चर व 40 सर्जिकल वर्कशाप कर योगदान दिया। ट्रॉमा एजूकेशन के क्षेत्र में वह एशिया पेसिफिक और मिडल ईस्ट रीजन में इंटरनेशनल कोर्सेज में बतौर रेगुलर फैकल्टी काम करते रहे। हिप व घुटनों की सर्जरी करते हुए उन्हें अर्सा बीत गया। पेल्वी एसीटेबुलर ट्रॉमा मैनेजमेंट में भी दक्ष हैं। डा. सेन ने स्टेम सेल थेरेपी पर भी बेहतरीन काम किया है।

अमर उजाला

आर्थोपेडिक सर्जन डा. सेन सम्मानित

चंडीगढ़। पीजीआई के आर्थोपेडिक सर्जन प्रोफेसर रमेश कुमार सेन को प्रसिद्ध डा. माहुरकर ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड उन्हें हिप ट्रांसप्लांट की बेहतरीन परफार्मेंस पर भिलाई में आयोजित इंडियन आर्थोपेडिक एसोसिएशन सेंट्रल जोन की वार्षिक मीटिंग के दौरान दिया गया है। प्रेजेंटेशन में यूपी, एमपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के डाक्टरों ने हिस्सा लिया था। प्रोफेसर रमेश कुमार सेन को आर्थोपेडिक के क्षेत्र में जाना-पहचाना क्षेत्र है। उन्हें सार्क कंट्रीज आर्थोपेडिक सर्जन ओरेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

चण्डीगढ़ भास्कर

डॉ. सेन को अवॉर्ड

चंडीगढ़ | पीजीआई के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. रमेश कुमार सेन, को डॉ. मधुकर ओरेशन अवॉर्ड मिला है। उन्हें यह अवॉर्ड इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन सेंट्रल जोन की भिलाई में हुई मीटिंग में दिया गया। डॉ. सेन ने टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी पर उनकी ओरेशन के लिए अवॉर्ड मिला है। इस मीटिंग में 6 राज्यों के सर्जन ने प्रजेंटेशन दी। टोटल हिप रिप्लेसमेंट इनोवेशन के लिए डॉ. सेन को पहले भी कई अवॉर्ड मिल चुके हैं।

पंजाब केसरी

डा. सेन को महूरकर ओरेशन अवार्ड

पी.जी.आई. के आर्थोपैडिक्स सर्जन डा.रमेश कुमार सेन को महूरकर ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डा. सेन को यह पुरस्कार भिलाई में सैंट्रल जोन ऑफ इंडियन ऑर्थोपैडिक्स एसोसिएशन की एनुअल मीटिंग में दिया गया। टोटल हिप रिप्लेसमैंट सर्जरी में डा.सेन का प्रसिद्ध नाम है और उन्होंने इस बीमारी में कई जटिल सर्जरी की हैं। उनकी कुशलता देखते हुए ही उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। इस बैठक में यू.पी., मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार और झार खंड जैसे मध्यवर्ती राज्यों के ऑर्थोपैडिक्स सर्जन्स ने भाग लिया था। सर्जिकल की तकनीकों की बदौलत डा.सेन को पहले भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें सार्क कंट्रीज ऑर्थोपैडिक्स सर्जन ओरेशन अवार्ड, फर्स्ट गोल्ड मैडल ओरेशन अवार्ड ऑफ इंडियन ऑर्थोपैडिक्स एसोसिएशन और कई अन्य स्टेट चैप्टर ओरेशन अवार्ड मिल चुके हैं। डा.सेन भारतीय उपमहाद्वीप के कई देशों में 300 से ज्यादा गैस्ट लैक्चर दे चुके हैं जबकि 40 से ज्यादा देशों में हुई सर्जिकल वर्कशॉप्स में भी वह भाग ले चुके हैं।